हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 7 अक्टूबर 2025



तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा का रंगारंग आगाज





# रायगढ़ को विकास की नई उंचाइयों तक पहुंचाने सरकार प्रतिबद्ध : साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

उप मुख्यमंत्री अरुण साव व वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सोमवार को नगर निगम ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में 70.54 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया। उन्होंने नगर निगम रायगढ़ के विकास के लिए कुल 43.58 करोड़ की लागत से 7 कार्यों का शिलान्यास तथा 70 लाख रुपए के दो विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। साथ ही लोक निर्माण सेतु विभाग अंतर्गत 17 करोड़ 80 लाख रुपए की लागत से 3 विकास कार्यों व लोक निर्माण रायगढ़ संभाग अंतर्गत 4 करोड़ 21 लाख रुपए के 3 विकास कार्यों का भूमिपूजन और 4 करोड़ 24 लाख के विकास कार्यों लोकार्पण किया गया। इसके अतिरिक्त उप मुख्यमंत्री श्री साव ने रायगढ़ शहर के अन्य महत्वपूर्ण विकास कार्यों के लिए 6 करोड़ रुपए से अधिक की राशि की घोषणा भी की और नगरवासियों को बधाई दी।



## हमनें बनाया है हम ही संवारेंगे

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि हमारी सरकार, हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपने हर वादे को पूरा करने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। सरकार बनते ही 18 लाख गरीब परिवारों को पक्के आवास की स्वीकृति दी गई है। महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए महतारी वंदन योजना संचालित की जा रही है। श्री साव ने बताया कि अकेले रायगढ़ नगर निगम को पिछले 20 महीनों में 343 विकास कार्यों के लिए 222 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार रायगढ़ को नई ऊंचाई तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

## रायगढ़ निरंतर प्रगति के पथ पर : वित्त मंत्री ओपी

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार सुशासन, पारदर्शिता और विकास के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है। रायगढ़ जिले को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं, जिनका लाभ आमजन को सीधे तौर पर मिल रहा है। रायगढ़ में सड़क, पुल-पुलिया और ऑक्सीजन जोन जैसे कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। रायगढ़ राज्य के राजस्व में महत्वपूर्ण योगदान देने वाला जिला है। रायगढ़ को एक आदर्श एवं आधुनिक जिला के रूप में विकसित किया जाएगा।

## सांसद व महापौर ने दी शुभकामनाएं

लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व उप मुख्यमंत्री अरुण साव के नेतृत्व में रायगढ़ तेज गति से विकास के पथ पर अग्रसर है। नगर निगम महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा कि रायगढ़ में विकास की गति को नई दिशा मिली है। नालंदा परिसर, मरीन ड्राइव रोड, सड़क चौड़ीकरण जैसे प्रोजेक्ट्स रायगढ़ के स्वरूप को बदलने में महत्वपूर्ण साबित होंगे।



रायगढ़ के नगर पंचायत पुसौर में उप मुख्यमंत्री अरुण साव के साथ भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति का अनावरण किया गया। इस मौके पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि यह परिसर पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी की दूरदर्शी सोच और राष्ट्र निर्माण में उनके अद्वितीय योगदान का प्रतीक है, जो आने वाली पीढ़ियों को उनके आदर्शों और सेवाभाव से प्रेरित करता रहेगा। इस दौरान नपा पंचायत अध्यक्ष मानी मोहित सतपथी एवं जिला भाजपा अध्यक्ष अरुण धर दीवान सहित भाजपा के कार्यकताओं की मौजूदगी रही।

## खबर संक्षेप

### जिपं सीईओ अभिजीत ने किया पदभार ग्रहण



**रायगढ़।** रायगढ़ जिले के नए जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजीत बबन पठारे ने कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। बता दें कि अभिजीत बबन पठारे भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2022 बैच के अधिकारी हैं। पदभार ग्रहण करने से पूर्व वे दुर्ग जिले में सहायक कलेक्टर के रूप में पदस्थ थे। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात श्री पठारे ने जिला पंचायत के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें समर्पणए पारदर्शिता एवं टीम भावना के साथ जिले के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करने प्रोत्साहित किया।

### दीवार ढहने से मासूम की मौत, मर्ग कायम

**रायगढ़।** पुसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत बोर पंप के पास बनी दीवार अचानक भरभरा कर ढह गई, जिसकी चपेट में आने से मां के साथ पानी भरने गई दो वर्षीय मासूम बच्ची के दब जाने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले को जांच में लिया गया है। जानकारी के अनुसार पुसौर थानांतर्गत ग्राम लंकापाली निवासी राजेश सतनामी की पत्नी शुक्रवार को अपनी दो वर्षीय बेटी शिवांशी को लेकर बोर पंप के पास बनी पानी टंकी से पानी लेने गई थी। टंकी के आसपास की जगह को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से ईंट की छोटी दीवार बनाई गई थी जो अचानक भरभरा कर गिर गई। दीवार के गिरने से उसकी चपेट में मासूम शिवांशी आ गई। तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मलबे में दबी बालिका को किसी तरह बाहर निकाला तथा तत्काल उसे उपचार के लिए पुसौर अस्पताल ले जाया गया जहां प्रारंभिक जांच उपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पुसौर थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंचे और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

### गिरफ्तारी की मांग को लेकर भाजपाइयों ने खोला मोर्चा

**जांजगीर-चांपा।** जैजैपुर विधायक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर भाजपाईयों ने मोर्चा खोल दिया है। इस मामले को लेकर उन्होंने एएसपी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि सेवा सहकारी समिति प्रबंधक रहते उनके द्वारा किसान परिवार से 42 लाख रुपए की हेराफेरी सहित अन्य मामलों में कई लोगों से मारपीट की गई है। इस मामले को लेकर कार्यवाही की मांग की गई है। ज्ञात हो कि रविवार 5 अक्टुबर को जैजैपुर क्षेत्र के विधायक के खिलाफ गिरफ्तारी की मांग को लेकर भाजपा पदाधिकारियों ने मोर्चा खोल दिया है। मामले को लेकर भाजपा के नेताओ ने अतिरिक्त एसपी को ज्ञापन सौंपा है। उनका आरोप है कि जैजैपुर क्षेत्र के विधायक बालेश्वर साहू द्वारा सेवा सहकारी समिति बम्हनीडीह के प्रबंधक रहते हुए 42 लाख रूपऐ की धोखाधड़ी की गई है।

### चालानी कार्रवाई, लाइसेंस निरस्त, कोर्ट में प्रकरण भेजने के बाद भी नहीं सुधर रहे भारी वाहन चालक

# नो एंट्री में पिछले साल की तुलना में 7 गुना ज्यादा कार्रवाई फिर भी ट्रैफिक पुलिस बदनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नो एंट्री में प्रवेश करने वाले भारी वाहनों पर पिछले साल की तुलना इस साल 7 गुना ज्यादा कार्रवाई हुई है। इसके बाद भी शहरवासियों की नजरों में ट्रैफिक पुलिस बदनाम है। पुलिस द्वारा ऐसे वाहनों पर चालानी कार्रवाई के साथ चालकों का लाइसेंस निरस्त कराया जा रहा है, प्रकरण बना कर कोर्ट में भी पेश किया जा रहा है। इसके बाद भी भारी वाहन के मालिक व चालक सुधरने को तैयार ही नहीं हैं।

दरअसल शहर में भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके बाद भी भारी वाहन के चालक बीच शहर से गुजरते नजर आते हैं। पहले तो रात में शहर में वाहनों की कतारें निकलती थीं, लेकिन अब तो दिन में भी डंके की चोट पर भारी वाहन चालक शहर में घुस रहे हैं और नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। ऐसा नहीं है कि ट्रैफिक पुलिस ऐसे वाहनों पर कार्रवाई नहीं कर रही है। पिछले सालभर में यातायात पुलिस द्वारा नो एंट्री में प्रवेश करने वाले 780 वाहनों पर 16 लाख रुपए की चालानी कार्रवाई की गई थी। वहीं इस साल के 9 माह में सितंबरतक 4928 भारी वाहनों का 1 करोड़ 17 लाख 35 हजार रुपए का चालान काटा गया है, जोकि पिछले साल की तुलना 7 गुना ज्यादा है। इस हिसाब से देखा जाए तो मेन पॉवर की कमी होने के बाद भी यातायात विभाग अपना काम ठीक तरह से कर रही है, फिर भी लोग विभाग पर ही उंगली उठाते हैं।




### नो एंट्री में घुसने के बाद वापस होना मुश्किल

भारी वाहन चालकों द्वारा नो एंट्री में वाहन तो घुसा दिया जाता है, लेकिन शहर व मोहल्लों की संकरी सड़कों और भीड़ के कारण उन वाहनों को वापस होने में काफी परेशानी होती है। ऐसी स्थिति में सड़क पर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है और लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### लाइसेंस निरस्तीकरण के 132 प्रकरण आरटीओ को भेजा

ट्रैफिक पुलिस द्वारा इस साल लाइसेंस निरस्तीकरण के 132 प्रकरण आरटीओ को भेजा गया है। ये वो मामले हैं, जिनमें भारी वाहन के चालक बार-बार नियमों का उल्लंघन कर नो एंट्री में प्रवेश कर रहे थे और कई मामलों में वाहन चालक शराब के नशे में धुत पाए गए थे।

### नो एंट्री में भारी वाहनों के प्रवेश का यह भी एक कारण

जानकारों की मानें तो जिले में लगातार भारी वाहनों की संख्या बढ़ती जा रही है। लोग लोन लेकर चार से पांच गाड़ियां खरीद रहे हैं। चूंकि हर माह इन गाड़ियों का एक से डेढ़ लाख किश्त जमा करना होता है तो वाहन मालिक किसी भी हाल में गाड़ियों को रूकने नहीं देते। इसके लिए भले ही क्यों न उन्हें ट्रैफिक नियम तोड़ना पड़े। जब कभी उनकी वाहन पकड़ाती है तो वो जुर्माना पटा कर वाहन ले जाते हैं और कुछ दिन बाद फिर से उसी ढर्रे पर चलने लगते हैं।

### प्रमुख मार्ग में सबसे ज्यादा नियमों का उल्लंघन

शहर के सबसे व्यस्ततम और प्रमुख कलेक्टोरेट मार्ग में भारी वाहन चालकों द्वारा सबसे ज्यादा नियमों का उल्लंघन किया जाता है। इस मार्ग में चक्रधर नगर थाना, कलेक्टोरेट, कोर्ट, डिग्री कॉलेज आते हैं, जिससे यह मार्ग हमेशा व्यस्त रहता है। इसके बाद भी दिनदहाड़े भारी वाहन के चालक इसी मार्ग से होते हुए महापल्ली, लोईंग, जामगांव स्थित उद्योगों तक जाते हैं। इस साल ट्रैफिक पुलिस ने नो एंट्री पर जो कार्रवाई की उसमें सबसे ज्यादा कार्रवाई इसी मार्ग पर हुई है।

### आउटर में इन स्थानों पर लगता है नो एंट्री

शहर के आउटर में उर्दना बैरियर, छातामुड़ा चौक, काशीराम चौक व जोरापाली चौक में नो एंट्री लगता है। इन स्थानों पर भारी वाहनों के लिए नो एंट्री का समय सुबह 6 से 8, दोपहर 1 से 3 व शाम 6 से 8 है, लेकिन भारी वाहन के चालक मालिकों के कहने पर नो एंट्री के समय इन्हीं स्थानों से शहर में प्रवेश करते हैं और शॉटकर्ट अपनाते हुए अपने गंतव्य के लिए रवाना होते हैं। हालांकि ऐसे वाहनों पर ट्रैफिक पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है पर इसका वाहन मालिकों को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है।

शहर में नो एंट्री में प्रवेश करने वाले भारी वाहनों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। पिछले साल की तुलना इस साल भारी वाहनों पर 7 गुना ज्यादा चालानी कार्रवाई की गई है। वहीं 132 चालकों के लाइसेंस निरस्त करने के लिए प्रकरण बना कर आरटीओ को भेजा गया है।

**उत्तम प्रताप सिंह**
ट्रैफिक डीएसपी

### ट्रेनों की घंटों लेटलतीफी के चलते यात्री हो रहे हलाकान

**जांजगीर-चांपा।** ट्रेनों के घंटो लेट लतीफी के चलते रेल यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके चलते यात्रियों की दिक्कते और बढ़ गई है। यात्री ट्रेन आने के इंतजार में घंटों प्लेटफार्म पर बैठे रहते है। रविवार 5 अक्टूबर को ही हावड़ा से चलकर अहमदाबाद को जाने वाले हावड़ा अहमदाबाद एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से करीब पौने चार घंटा लेट पहुंची। इसी प्रकार मुंबई एलटीटी एक्सप्रेस भी तीन घंटे की देरी जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन पहुंची। इसके अलावा अन्य ट्रेने भी लेट चल रही है। गौरतलब है कि जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन के माध्यम से प्रतिदिन हजारों की तादाद में रेल यात्री बिलासपुर, रायगढ, कोरबा, दिल्ली, मुंबई, कलकत्ता, चेन्नई सहित अन्य प्रमुख शहरों की ओर आवाजाही करते है। वहीं ट्रेनो के घंटों लेट लतीफी के चलते रेल यात्रियों की परेशानी और भी बढ़ गई है। उन्हें ट्रेन के आने के लिए घंटो इंतजार भी करना पड़ता है। मुंबई-हावड़ा मुख्य रेल मार्ग होने के कारण जांजगीर-नैला रेल्वे स्टेशन से हावडा-अहमदाबाद, छतीसगढ एक्सप्रेस, लिंक एक्सप्रेस, टाटानगर ईतवारी, ि बलासपुर रायगढ लोकल, रायगढ बिलासपुर सहित अन्य प्रमुख ट्रेनों गुजरती है। जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन शहर सहित आसपास गांव के लोग आवाजाही करते है।

## 20 टन अवैध स्क्रैप के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, माजदा वाहन भी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अवैध स्क्रैप परिवहन पर कोतरारोड़ पुलिस ने बीती रात बड़ी कार्रवाई करते हुए 20 टन लोहे के स्क्रैप सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर एक माजदा वाहन जप्त किया है। दरअसल रविवार की रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद रंग की माजदा वाहन भूपदेवपुर की ओर से भारी मात्रा में अवैध कबाड़ लोड कर रायगढ़ की ओर आ रही है।

सूचना पर पुलिस टीम ने जिंदल पार्किंग पतरापाली के पास घेराबंदी की। कुछ ही देर में संदिग्ध माजदा वाहन टीम को आते दिखी। तभी अचानक पुलिस को देखकर चालक वाहन को तेज गति से भगाने लगा, जिसका पीछा करके पुलिस ने उसे रोक लिया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें लोहे के एंगल, सरिया, सेंट्रिंग प्लेट, स्टील रॉड, स्क्रैप और विभिन्न वाहनों के कलपुर्जे मिले। वाहन में बैठे दोनों व्यक्तियों ने अपना नाम ओमप्रकाश लहरे पिता इतवारीराम 34 वर्ष निवासी डरई थाना सक्ती जिला सक्ती व सुभाष कुमार सूर्यवंशी पिता रामरतन सूर्यवंशी 25 वर्ष निवासी जखे थाना सिटी कोतवाली जिला जांजगीर-चांपा बताया। स्क्रैप परिवहन के दस्तावेज प्रस्तुत करने के नोटिस देने पर दोनों कोई वैध कागजात नहीं दिखा सके। पुलिस ने जप्त किए गए स्क्रैप का वजन 20,160 किलोग्राम पाया, जिसकी कीमत लगभग 6 लाख 4 हजार 800 रुपए है।




## डीजल डलाने नहीं दिए रुपए तो चालकों ने पार कर दिए ट्रेलर के 15 पहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जूटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत वाहन मालिक ने तीन ट्रेलर चालकों को डीजल डलाने के लिए रुपए नहीं दिए तो उन्होंने डिस्क सहित वाहन के 15 नग पहिए पार कर दिए। जिससे मालिक को डेढ़ लाख की हानि हुई है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

जानकारी के अनुसार शुभम अग्रवाल ने जूटमिल थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि वह बरमकेला के रहने वाले हैं ट्रांसपोर्टिंग का काम करते हैं। उनके पास दो ट्रेलर हैं, जिसमें ट्रेलर क्रमांक सीजी 13 एजेड 4055 को सुभाष व ट्रेलर क्रमांक सीजी 13 एजेड 8555 को अमित कुमार चलाता है। साथ ही इनके रिश्ते में भाई लगने वाले कृष्णा अग्रवाल के फर्म अविवा इंटरप्राईजेस के नाम ट्रेलर क्रमांक एजेड 7055 को सतीश कुमार चलाता है। तीनों ट्रेलर से वर्तमान में फ्लाईऐश ट्रांसपोर्टिंग का काम किया जा रहा है। 30 सितंबर को तीनों चालक एनटीपीसी लारा से फ्लाईऐश लोड कर रायपुर के पाटन लिए रवाना हुए थे। इस बीच तीनों चालकों ने 1 अक्टूबर को फ्लाईऐश खाली करने के बाद 2 अक्टूबर को छपोरा पहुंचे। इस दौरान शाम करीब साढ़े 4 बजे उन्होंने फोन करके शुभम से डीजल भराने के लिए रुपए की मांग की। इस दौरान उनके द्वारा ट्रेलर चालकों से कहा गया कि तीनों को पर्याप्त मात्रा में डीजल दिया गया है, ट्रेलर रायगढ़ लेकर आ जाओ। इसके बाद से तीनों ट्रेलर चालको का मोबाइल बंद हो गया। 3 अक्टूबर को तीनों ट्रेलरों को जब जीपीएस के माध्यम से ट्रैक किया गया तो तीनों वाहनों का लोकेशन छातामुड़ा के आसपास मिला। जहां वो अपने भाई के साथ मौके पर पहुंचा तो देखा कि तीनों ट्रेलरों के चालक ट्रेलर में नही थे और ट्रेलरों से कुल 15 नग टायर मय डिस्क कीमत करीब 1 लाख 50 हजार की चोरी हो चुकी थी। पीड़ति शुभम अग्रवाल ने बताया कि बार-बार तीनों चालकों के मोबाईल नंबर में काल करने के बावजूद उनसे संपर्क नही हो पा रहा है। जिससे उसे आशंका है कि तीनों ट्रेलर चालकों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया होगा।




**जूटमिल थाना क्षेत्र का मामला, अपराध दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस**

### कलेक्टर ने किसान और वकीलों से बातचीत कर जाना तहसील का हाल

## कलेक्टर ने कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने सोमवार को जिला मुख्यालय में विभिन्न शासकीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने पंजीयक तहसील कार्यालय, जिला कोषालय कक्ष, तहसील न्यायालय, वसूल बकाया नवीस शाखा, नायब तहसीलदार न्यायालय कक्षए मॉर्डन रिकॉर्ड रूम, सहायक खाद्य शाखा, आवक.जावक शाखा तथा कानूनगो शाखा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने तहसील न्यायालय में केस कब.कब लगते हैं, इसकी जानकारी ली और स्पष्ट समय व तिथि का बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालय में मौजूद किसानों से चर्चा कर उनके कार्यों की स्थिति की जानकारी भी प्राप्त की। कलेक्टर ने वसूली बकाया शाखा का निरीक्षण कर बकाया वसूली की प्रगति जानी। वहीं नोटरी अधिवक्ताओं से भी चर्चा की और उनकी समस्याएं सुनीं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों-कर्मचारियों को कार्यालयों में पारदर्शिता, समयबद्धता और व्यवस्थित ढंग से कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने सारंगढ़ के तहसील कार्यालय परिसर स्थित जिला कोषालय सारंगढ़.बिलाईगढ़ के दृढ़कक्ष का निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन किया। छग कोषालय संहिता भाग.एक के सहायक नियम.39 के अनुसार यह निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन 30 सितम्बर की स्थिति में किया, जिसमें स्टाम्प टिकट, रेवेन्यू टिकट, कोर्ट टिकट आदि स्टाम्प तथा बहुमुल्य वस्तुओं का भौतिक सत्यापन किया गया और लगभग 18 वित्तीय रजिस्टर में कलेक्टर ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर शिक्षा शर्मा, तहसीलदार मनीष सूर्यवंशी, कोषालय अधिकारी, सहायक कोषालय अधिकारी, सहायक ग्रेड 1, खजाना प्रभारी उपस्थित थे।



## संयुक्त टीम ने गांजा के अवैध कारोबार में लिप्त तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चक्रधरनगर पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई में तीन गांजा तस्करों को वैगनआर कार सहित गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से नकदी रकम दो हजार रुपए व 1.152 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है, जिसकी कीमत लगभग 5,500 रुपए बताई जा रही है।

तीनों आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। दरअसल चक्रधरनगर पुलिस द्वारा इंदिरा विहार रोड स्थित विजयपुर तालाब के पास वाहनों की जांच की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद रंग की वैगनआर कार में दो व्यक्ति गांजा लेकर घरघोड़ा की ओर से रायगढ़ आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल नाकेबंदी कर वाहनों की सघन जांच शुरू की। कुछ ही देर में संदिग्ध वाहन को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें परचून के सामान, बिस्कुट, चॉकलेट आदि के बीच छिपाकर एक कार्टून में खाकी रंग के पैकेट में गांजा रखा गया था। वाहन में सवार आशीष राठौर 37 वर्ष निवासी विनोबानगर व लतीफ खान 42 वर्ष निवासी षड़ंगी कॉलोनी सर्किट हाउस से पूछताछ में उन्होंने ग्राम औराईमुड़ा घरघोड़ा के कमल बेहरा 49 वर्ष से गांजा खरीदकर बिक्री के लिए लाने की बात कबूल की। पुलिस ने गवाहों की मौजूदगी में गांजा का वजन कराया जो 1.152 किलोग्राम पाया गया।







## खबर संक्षेप

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** जशपुर क्षेत्र के कुमला थाना अंतर्गत ग्राम माटी पहाड़ निवासी विनीत पन्ना आ. अंजलुश पन्ना (34 वर्ष) शराब पीने का आदि था। पिछले सोमवार को शराब के नशे में अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। परिजन उसे कुनकुरी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में कई दिन चले उपचार के बाद ग्रामीण के स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर गत दिन चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया। परिजन विनीत को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### जिले में अब तक 17161 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 01 जून से अब तक 17161.5 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 06 अक्टूबर तक की स्थिति में 10862.7 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 18.6 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 1243.9 मिमी, मनोरा में 1368.9 मिमी, कुनकुरी में 1532.0 मिमी, दुलदुला में 6996.4 मिमी, फरसाबहार में 808.5 मिमी, बगीचा में 1183.3 मिमी, कांसाबेल में 1022.4 मिमी, पत्थलगांव में 977.4 मिमी, सन्ना में 1269.4 मिमी एवं बागबहार में 759.3 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा दुलदुला में दर्ज की गई है।

### भाई की हत्या करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**सीतापुर।** डंडे से भाई पर प्राणघात हमला करने तथा घायल की मौत हो जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी छोटे भाई को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक ग्राम बटईकेला निवासी ओम प्रकाश मरावी 3 अक्टूबर को थाना सीतापुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि मुन्ना मरावी के घर एक दिन पूर्व नवाखानी का त्यौहार मना रहे थे एवं मुन्ना मरावी के घर गया था। शाम करीब 7 बजे छोटा भाई ठाकुर राम आ. खीरू राम (48 वर्ष ) मुन्ना मरावी को गंदी गंदी गाली देते जान से मारने की धमकी देते हुए लकडी के डंडा सिर में वार कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 296, 351(3), 115(2), 109(1) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले के आरोपी ठाकुर राम आ. खिरू राम मरावी (48 वर्ष) को गिरफ्तार किया।

### मुक्तिधाम के जीर्णोद्धार के लिए चलाया अभियान

**अम्बिकापुर।** शहर के सेवाभावी युवाओं की संस्था योगदान सेवा समिति ने गंगापुर स्थित मुक्तिधाम के जीर्णोद्धार और कायाकल्प का संकल्प लिया है। इसी कड़ी में रविवार सुबह 8.30 बजे समिति के सदस्यों ने मुक्तिधाम परिसर में एकत्रित होकर श्रमदान किया और वृहद स्वच्छता अभियान चलाया। समिति के संयोजक प्रशांत सिंह चीकू ने बताया कि गंगापुर मुक्तिधाम में बाबूपारा, दर्रीपारा, गंगापुर, नमनाकला, सत्तीपारा, शीतला वार्ड क्षेत्र के करीब 10 वार्डो के लोग परिजन के अंतिम संस्कार के लिए आते हैं। यहां कई आवश्यक सुविधाओं का अभाव है, जिसे जनसहयोग से दूर करने का लक्ष्य रखा गया है। समिति की योजना मुक्तिधाम की साफ-सफाई के साथ-साथ रंगरोगन, बैठने के लिए हवादार शेड का निर्माण, पेयजल की व्यवस्था, अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी की उपलब्धता, शव वाहन और अस्थि कलश सुरक्षित रखने की व्यवस्था करना है। इस अभियान की शुरुआत श्रमदान से की गई जहां समिति के सदस्यों ने पूरे परिसर की सफाई की और बेल के पौधे लगाए। इस दौरान भविष्य की योजनाओं पर चर्चा भी हुई। यह निर्णय लिया गया कि दिवंगतों की स्मृति को अक्षुण्ण बनाए रखने हेतु परिसर में छायादार और धार्मिक महत्व के वृक्षो, सजावटी तथा फूलों के पौधे लगाए जाएंगे।

---

अस्पताल और तीरंदाजी केंद्र और स्कूल भवनो का होगा निर्माण

# मुख्यमंत्री की पहल पर जशपुर को पहली बार मिला 61 करोड़ का सीएसआर फंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

लगभग दो साल पहले जब जशपुर के बगिया के विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का पदभार सम्हाला था तो जिलेवासियों को पिछड़ेपन से मुक्ति की नई उम्मीद जागी थी । मुख्यमंत्री के रूप में अपने पहले जिला प्रवास के दौरान सीएम विष्णुदेव साय ने जिलेवासियों को वायदा भी किया था कि जिले के विकास की ऐतेहासिक रोडमैप तैयार की जाएगी।

- 6 करोड़ 19 लाख से होगा आठ स्कूलों भवनों का निर्माण

अपने इस वायदे को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री ने तेजी से कदम बढ़ा रहे है। इसी का नतीजा है कि जशपुर जिले को पहली बार सीएसआर फंड से 61 करोड़ की राशि विकास कार्यो के लिए आबंटित की गई है। इस राशि से जिले में स्वास्थ्य सुविधा,शिक्षा और खेल के बुनियादी ढांचा विकसीत करने के लिए उपयोग किया जा रहा है।



**आठ स्कूल भवन का होगा निर्माण:** सीएसपीटीसीएल के सीएसआर फंड से जिले में 8 स्कूल भवनों के निर्माण के लिए 6 करोड़ 19 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई है। इसमें फरसाबहार ब्लाक में पंडरीपानी, गारीघाट, कंदईबहार, कांसाबेल ब्लाक में बांसबहार, कुनकुरी ब्लाक में गिनाबहार, लोधमा, बगीचा ब्लाक में टटकेला और दुलदुला में नया स्कूल भवन का निर्माण किया जाएगा। इन स्कूल भवनों के निर्माण से जिले के छात्रों को बेहतर सुविधा के साथ गुणवत्तायुक्त शिक्षा मिल सकेगी।

**20 करोड़ से तैयार होगा तीरंदाजी केंद्र :** सीएसआर फंड से जिले में तीरंदाजी केंद्र के निर्माण के लिए 20.53 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी गई है। एनटीपीसी के सीएसआर फंड से इस तीरंदाजी केंद्र के निर्माण के लिए जिला प्रशासन ने सन्ना में जमीन तय कर ली है। इस आवासिय तीरंदाजी केंद्र में खिलाड़ियों को आधुनिक संसाधनों के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का लक्ष्य दिवंगत कुमार दिलीप सिंह जूदेव के सपने का मूर्त रूप देते हुए पहाड़ी कोरवाओं के धर्नुविद्या को निखार कर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धाओं में गोल्ड मेडल प्राप्त करना है।

### 35 करोड़ से बन रहा है आधुनिक अस्पताल

जिला मुख्यालय जशपुर में 35 करोड़ से सौ बिस्तर की क्षमता वाली अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। निर्माणाधीन स्व जगदेव राम उरांव स्मृति चिकित्सालय को संचालित करने की जिम्मेदारी वनवासी कल्याण आश्रम को दी गई है। 17 करोड़ से तैयार होने वाला इस अस्पताल के भवन निर्माण का कार्य रायगढ़ रोड में कल्याण आश्रम अस्पताल के प्रांगण में तेजी से चल रहा है। अगले साल 2026 तक इस भवन का निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। 18 करोड़ की राशि इस आधुनिक अस्पताल में आवश्यक चिकित्सकीय उपकरणों और भौतिक संसाधन जुटाने के लिए किया जाएगा। इस अस्पाताल में मरीजों के लिए सीटी स्कैन, एमआरआई, आईसीयू, आईसीसीयू, डायलिसिस,आपातकालिन चिकित्सा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस अस्पताल के लिए चिकित्सा,नर्सिंग और प्रशासनिक स्टाफ के लिए भर्ती प्रक्रिया भी चल रही है।

---

# आबकारी व कोतबा पुलिस ने छापा मारा

**कोतबा।** अवैध महुआ शराब के बढ़ते कारोबार और नशाखोरी से त्रस्त कोतबा नगर की महिलाओं ने अब इसके खिलाफ आवाज उठाते हुए एक बड़ा अभियान छेड़ दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों से उठी शराबबंदी की यह गूंज अब नगर तक पहुँच चुकी है, जहाँ नारी शक्ति एकजुट होकर अपने घरों और समाज को बचाने के लिए लामबंद हो गई है। महिलाएं की सूचना पर अबकारी विभाग व कोतबा पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए 6 अलग अलग अवैध शराब बनाने वालों के घरों में दबिश दी जिसमे 2 के घरों से 350 किलो महुवा लाहन जप्त कर दोनों के खिलाफ 34(1)च अबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही हुई है। विदित हो कि कोतबा नगर के आस-पास के गांव रोकबहार, बुलडेगा, फरसटोली और मधुबन में पिछले कुछ समय से महिलाएं अवैध महुआ शराब के खिलाफ लगातार सफल अभियान चला रही हैं। इसी प्रेरणा के साथ, अब कोतबा नगर के गंझूपारा की महिलाएं भी मैदान में उतर आई हैं।

- 350 किलो महुवा लाहन जप्त 2 के खिलाफ 34(1) च आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई



### 350 किलो महुवा लाहन जप्त

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 6 अक्टूबर को पुलिस चौकी कोतबा एवं आबकारी बृत पत्थलगांव के टीम के साथ संयुक्त रूप से अवैध शराब बनाने वाले के विरुद्ध कार्रवाई हेतु रेड कर 6 से अधिक ठिकानों में दबिश दी गई जिनमे कई स्थानों में सफलता नही मिली लेकिन नगर के वार्ड क्रमांक 9 के निवासी विदेशी बंजारा पिता करम साय बंजारा उमर 40 वर्ष निवासी कोतबा के कब्जे में 200 किलो महुआ का लाहन एवं ललिता बंजारा पति परदेसी बंजारा उम्र 35 वर्ष निवासी कोतबा के कब्जे में 150 किलो महुआ का लाहन मिला जिसके विरुद्ध धारा 34 (1) च आबकारी एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई किया गया है। कार्रवाई में कोतबा चौकी प्रभारी उप निरीक्षक बृजेश यादव, सहायक उप निरीक्षक अपलेजर खेश, हेड कांस्टेबल अजय खेस एवं आरक्षक बूटा सिंह अमित साय सुभाष साय एवं आबकारी उपनिक्षक पत्थलगांव यज्ञ शरण शुक्ला,आबकारी मुख्य आरक्षक कृनेश सिन्हा,छक्के लाल गुप्ता,आबकारी आरक्षक जुगल पटेल,नगर सैनिक मंजीत महेश्वरी अबकारी विभाग की टीम की अहम भूमिका रही है।

### की गई कार्रवाई

समय-समय पर अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही की जाती हैं आज भी वार्ड क्रमांक 9 में दो लोगो के घरों से बड़ी मात्रा में महुवा लाहन जब्ती की कार्रवाई आबकारी विभाग के साथ संयुक्त रूप से किया गया है।

-**बृजेश यादव**, चौकी प्रभारी कोतबा

---

# मौत की घाटी बनी रेचुवा घाटी, विभागीय उदासीनता लेगी फिर नागरिकों की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

कोतबा लैलूंगा के बीच स्थित रेचुवा घाटी इन दिनों मौत की घाटी बन चुकी है। यहाँ के अंधे मोड़ टुटे पड़े सेफ्टी वाल और खराब सड़कों से आए दिन हादसे होते रहते है। आम जन के आवागमन का एकमात्र साधन सड़क मार्ग है। जिसे सुदृढ़ करने शासन पैसे तो दे रही है। लेकिन विभागीय उदासीनता का आलम ये है कि हाल में ही बनी सड़को में फिर से बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिन्हें पेच वर्क करने की जरूरत पड़ रही है। वही नालियां भी टूट चुकी है। कांग्रेसी नेताओं ने विभाग व ठेकेदार पर मिलीभगत कर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया है।

उल्लेखनीय हो कि यह पहली बार अनियमितता उजागर नहीं हुई है। बल्कि लैलूंगा कोतबा, लवाकेरा तक बनी यह सड़क भी गुणवत्ता को लेकर खूब बवाल हुआ था। उस दौरान लगभग 40 करोड़ की लागत से बनाई गई थी। ग्रामीणों की मांग पर वर्तमान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने फिर इस सड़क निर्माण के लिये 50 लाख जारी किया हैं। जो निर्माणाधीन हैं और जगह-जगह गड्ढों के साथ ही बेतरीब नालियों के निर्माण ने क्षेत्रीय लोगों को दुविधा में डाल दिया है। यह सड़क निर्माण उस दौरान भी लोकनिर्माण विभाग के देखरेख में हुआ था।और वर्तमान में भी उन्हीं के देखरेख में कार्य चल रहा है। लेकिन बिडंबना है कि इस सड़क निर्माण के लिए विभाग ने सजगता नही दिखाई बल्कि भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है। वर्षों से क्षेत्र की जनता सड़कों के नाम पर गड्ढों में चल रही है। अब प्रशासन की तरफ से सड़कों की मरम्मत के नाम पर पेचवर्क तो किया जा रहा है, लेकिन यह कार्य ऐसा हो रहा है कि मरम्मत की गई सड़क हाथों से खुरच कर ही उखड़ने लगी है। रेचुवाघाट रोड पर किए गए पैचवर्क को हाथों से खुरचा तो सारा मलबा हाथों में आ गया। इससे साफ पता चलता है कि किस तरह से क्षेत्र की जनता की गाढ़ी कमाई भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है। यह बात कांग्रेस के पूर्व जनपद सदस्य प्रवीण शर्मा ने कही। कांग्रेस नेता प्रवीण शर्मा के साथ जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष रत्ना पैंकरा, सुरेंद्र यादव, हरि यादव सहित अन्य लोग रोड पर लोगों के बुलावे पर पहुंचे थे। लोगों ने उन्हें दिखाया कि किस तरह से नई बनी सड़क पर गड्ढे बन गए जिन्हें छिपाने लीपापोती कर यहां पैचवर्क के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। जिस सड़क को नया बनाना चाहिए था, उसे पैचवर्क करके लोकनिर्माण विभाग सरकार और प्रशासन अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लंबे समय से रेचुवाघाट के गड्ढों में सड़क ढूंढनी पड़ रही है।

**50 लाख की निर्माणाधीन सड़क पर बने जगह-जगह जानलेवा गड्ढे**



### उपयोग विहीन बन रही नालियां

कांग्रेस नेता पूर्व जनपद सदस्य प्रवीण कुमार शर्मा ने लोकनिर्माण विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्य ठेकेदार द्वारा रेचुवा घाट में बन रही नालियों को पेटी कॉन्ट्रेक्टरों को कमीशन लेकर काम बांट किया जा रहा है। नालियों को सर्पाकार बना कर बिना कोई लेबल के गुणवत्ताविहीन निर्माण कार्य कराया गया है।जो उपयोग शुरू होने से पहले ही टूट चुकी है। ऐसा निम्न स्तर का कार्य तो ग्राम पंचायत में भी नहीं करवाया जाता जैसा यहाँ टेक्निकल लोगों के द्वारा करवाया गया है। मैं मुख्यमंत्री विष्णुदेवसाय जी से निर्माण कार्य की जांच कर गुणवत्ता पूर्ण सड़क निर्माण कराने की मांग करता हूं।

### अंधे मोड़ दे रहे हादसों को न्यौता

मौत की घाटी के नाम से बदनाम हो चुकी रेचुवा घाटी में अनेक अन्धे मोड़ है। जिससे सामने से आने वाले वाहनों का पता नही चलता है। साथ ही घाटी में नीचे गिरने से बचाने के लिए लगे लोहे के बैरिकेडिंग भी जगह जगह टूट गई है। जिससे कभी भी नीचे गिरने से बड़े हादसे हो रहे है देखरेख के आभाव में बैरिकेडिंग सुरक्षा व्यवस्था धवस्त हो चुकी हैं। जो हादसों को न्यौता दे रही हैं।

### उठाएंगे जनता की आवाज

रेचुवा घाट में वर्तमान में हुए सड़क निर्माण का जायजा लिया गया। जिसमें हमने देखा कि सड़क निर्माण गुणवत्ता विहीन करवाया गया है जिसका देखरेख करने की जवाबदेही लोकनिर्माण विभाग की है। वे विभाग को बदनाम कर रहे है। आम जनता के पैसों का बंदरबाट कर रहे हैं। जल्द सड़क का गुणवत्तापूर्ण निर्माण नहीं होने से हम जनता की आवाज उच्चस्तर पर उठाएंगे।

-**रत्ना पैकरा**, जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस

### जांच के बाद होगी कार्रवाई

सड़क निर्माण गुणवत्ता के साथ कराने का निर्देश दिया गया था। अभी मेजमेंट भी नहीं हुआ है। गुणवत्तापूर्ण निर्माण करवाने ठेकेदार को निर्देशित किया जाएगा। नहीं करने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

-**एसके पैकरा**. एसडीओ लोकनिर्माण विभाग पत्थलगांव।

---

# सुभाषनगर में एक साथ टूटे 15 मकानों के ताले

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर





शहर में अपराधिक घटनाएं थमने का नाम नहीं लें रही है। बीती रात एक बार फिर से चोरों ने एक साथ 14 से 15 मकानों के ताले तोड़े है। सुभाषनगर क्षेत्र में हुई इस घटना से हड़कंप मच गया है और जिले की कानून वयवस्था सवालों के घेरे में आ गई है। चोरों ने पूरी रात सूने मकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया और फिर गाड़ी में चोरी का सामान भरकर ले गए। चोरी की घटना के दौरान एक संदेही सीसीटीवी में कैद हुआ है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बताया जा रहा है कि सुभाष नगर वार्ड क्रमांक 2 में पार्षद सुशांत घोष के साथ ही अन्य लोगों द्वारा किराए के मकान बनाए गए है। इन मकानों में बाहर से आकर पढाई करने, मजदूर करने वाले लोग रहते है। वर्तमान में त्यौहार होने के कारण ज्यादातर किराएदार मकानों में ताला लगाकर अपने घर गए हुए थे। इस दौरान बीती रात चोरों ने सूने मकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरो ने पार्षद सुशांत घोष के किराए के 3 मकानों के साथ ही सुभाष, सुजीत सहित अन्य लोगों के किराए के मकानों का ताला तोड़ा है। चोर सूने मकानों में मौजूद टीवी, लैपटॉप, गैस सिलेंडर, साउंड सिस्टम, नगदी समेत अन्य कीमती सामान की चोरी की है। चोरों ने क्षेत्र में एक साथ कुल 14 मकानों के ताले तोड़े है। रविवार की सुबह जब इस बात की जानकारी लोगों को हुई तो हड़कंप मच गया। चोरी की सूचना मिलने के बाद लोग मौके पर पहुंचे तो उनके होश उड़ गये। किराए के मकानों में मौजूद आलमारी, पेटी खुले हुए थे और घर का सारा सामान बिखरा पडा था। इस घटना की सूचना पार्षद सुशांत घोष ने पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद गांधीनगर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस को घटना स्थल पर लगे एक सीसीटीवी में चोर नजर आया है जिसकी पहचान की जा रही है।

---

## युवाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की राह आसान बना रहा नव संकल्प शिक्षण संस्थान



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा संचालित नव संकल्प शिक्षण संस्थान आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं के लिए नई राह और नई उम्मीद लेकर आया है। यह संस्थान न केवल गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण उपलब्ध करा रहा है, बल्कि कई युवाओं ने यहां से तैयारी कर सरकारी नौकरियों में सफलता भी हासिल की है। संस्थान में प्रशिक्षण के साथ आवास एवं भोजन की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। वर्तमान में यहां सीजीपीएससी, एसएससी जनरल ड्यूटी और व्यापम की प्रतियोगी परीक्षाओं की कक्षाएं संचालित हो रही हैं। इनमें 60 छात्र-छात्राएं सीजीपीएससी, 50 एसएससी जनरल ड्यूटी और 90 व्यापम परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। संस्थान में प्रतियोगी छात्रों की क्षमता बढ़ाने के लिए साप्ताहिक टेस्ट का आयोजन कर उन्हें लगातार आंका और सुधार किया जाता है।

## महिला की डंडे से गला दबाकर हत्या, संदेही हिरासत में

**अम्बिकापुर।** शहर से लगे ग्राम डिगमा में युवक ने महिला की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद दिनभर महिला की लाश घर में पड़ी रही। देर रात इस घटना की सूचना पुलिस को मिली जिसके बाद रविवार को पुलिस घटनास्थल पहुंची और लाश को पीएम के लिए भेजा। इसके साथ ही पुलिस मामले में संदेही पति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के ग्राम चलगली निवासी 30 वर्षीया शीला सोनहा का विवाह वर्ष 2015 में गांधीनगर थाना अंतर्गत ग्राम डिगमा निवासी उमाशंकर सोनहा से हुआ था। शीला और उमाशंकर के दो बच्चे है। दम्पति लम्बे समय से अपने परिवार से अलग रहते थे और अक्सर शराब के नशे में धुत रहते थे। महिला के दोनों बच्चों का लालन पालन उसकी दादी करती है। शराब के नशे में दोनों के बीच आए दिन विवाद होता रहता था। संभावना जताई जा रही है कि 4 अक्टूबर को भी दोनों के बीच शराब के नशे में विवाद हुआ। इस दौरान आक्रोशित पति ने डंडे से पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। यह घटना दोपहर 3-4 बजे के बीच की बताई जा रही है लेकिन पुलिस को घटना की सूचना देर रात 8 बजे मिली जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी लेकिन रात होने के कारण कार्रवाई नहीं हो पाई।

## तेज रफ्तार कार स्कूटी सवार महिला को मारी टक्कर, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** कार की टक्कर से स्कूटी सवार महिला और उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके साथ ही इस घटना में महिला के बच्चे को भी चोट आई है। मामले में पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मणिपुर पुलिस के अनुसार मूलतः सीतापुर के ग्राम उल्किया निवासी डॉ. अज्जू पाण्डेय आ. बुध नारायण पाण्डेय स्वामी आत्मानंद स्कूल देवगढ़ में व्याख्याता के पद पर पदस्थ है और शहर के दर्रीपारा में रहता है। 22 सितम्बर को अज्जू पाण्डेय की पत्नी प्रियंका तिवारी स्कूटी क्रमांक सीजी 15 ईजी 4353 से अपने 4 वर्षीय पुत्र कौश्तुभ व पिटा कृपा शंकर तिवारी को लेकर जार रही थी। इस दौरान रिंग रोड बस स्टैंड के पास हौंडा सिटी कार क्रमांक सीजी 15 डीएच 2648 के चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। इस घटना में महिला और उसके पिता का पैर फ्रैक्चर हो गया जबकि बच्चे को भी चोट लगी। पति और ससुर का उपचार कराने के बाद व्याख्याता ने घटना की शिकायत मणिपुर पुलिस से की है। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 125 (ए), 281 के तहत अपराध दर्ज किया है।

---


दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह ने किया सम्मान

# नेस्ट फेस्ट माई होम इंडिया ने किया प्रबल प्रताप सिंह का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर राज परिवार के सदस्य ,घर वापसी अभियान के अखिल भारतीय अध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह जू देव को दिल्ली, तालकटोरा स्टेडियम मे माई होम इंडियाद्वारा ताल कटोरा इंडोर स्टेडियम, दिल्ली में आयोजित 8 वीं नेस्ट फेस्ट 2025 के भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन में प्रबल प्रताप को सम्मानित किया गया।

नेटफेस्ट ₹माई होम इंडिया₹ द्वारा आयोजित एक त्योहार है, जो भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र की संस्कृति, संगीत और परंपराओं का जश्न मनाता है। इसका उद्देश्य पूरे भारत के छात्रों, युवाओं, उद्यमियों और नीति-निर्माताओं को एक साथ लाकर राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना है। इस साल, 8वें उत्तर-पूर्व छात्र महोत्सव के तहत, नेटफेस्ट 2025 का आयोजन 3 और 4 अक्टूबर 2025 को तालकटोरा इंडोर स्टेडियम, नई दिल्ली में ₹संस्कृति से जलवायु तकः युवा जनादेश थीम के साथ हुआ।



**उत्तर पूर्व के आठ राज्य अष्टलक्ष्मी:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नार्थ ईस्ट के 8 राज्यों को अष्ट लक्ष्मी कहा हैं। अष्ट लक्ष्मी उत्तर पूर्व वाक्यांश पूर्वोत्तर भारत के उन आठ राज्यों को संदर्भित करता है जिन्हें अष्ट लक्ष्मी या आठ समृद्धि के रूप कहा जाता है, जो हैं: असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम. यह शब्द देवी लक्ष्मी के आठ रूपों के बजाय, भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के इन आठ राज्यों की सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक विविधता का प्रतीक है.।

### राष्ट्र निर्माण में अपने उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित

इस अवसर पर भाजपा छत्तीसगढ़ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं घर वापसी प्रमुख प्रबल प्रताप सिंह जूदेव को घर वापसी अभियान जैसे कार्यों के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र निर्माण में उनके उत्कृष्ट योगदान हेतु विशेष सम्मान से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम में मिज़ोरम के राज्यपाल एवं पूर्व सेना प्रमुख जनरल वीके सिंह, मुख्यमंत्री दिल्ली श्रीमती रेखा गुप्ता के करकमलों द्वारा एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता सुनील देवधर आदि देश के विभिन्न प्रदेशों के गणमान्यजनों की गरिमामयी उपस्थिति में प्रबल प्रताप सिंह जुदेव को सम्मानित किया गया। इस भव्य ऐतिहासिक कार्यक्रम मे विभिन्न क्षेत्रों से राजनीतिज्ञ, केंद्रीय मंत्रीगण, समाज सेवी, व्यवसाई, शिक्षाविद, मीडिया के जाने माने लोग एवं कई अन्य महानुभावों ने सम्मिलित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

### यह केवल मेरा सम्मान नहीं, उन जनजातीय बंधुओं का भी है


सम्मान प्राप्त करने के उपरांत मीडिया से बात करते हुए प्रबल प्रताप सिंह जूदेव जी ने कहायह सम्मान केवल मेरा व्यक्तिगत नहीं, बल्कि उन सभी कार्यकर्ताओं, समाजबंधुओं और जनजातीय भाइयों-बहनों का है जो घर वापसी के इस पावन अभियान में मेरे साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलते हैं। यह सम्मान वास्तव में जनजातीय समाज की अपनी जड़ों की ओर लौटने की आस्था और घर वापसी आंदोलन के प्रति विश्वास का प्रतीक है।

---

## कलेक्टर व्यास ने जनदर्शन में सुनी आम जनता की समस्याएं



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आम नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्राप्त सभी आवेदनों का गंभीरता से अवलोकन किया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को इनका समयबद्ध एवं पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक आवेदक को उनके आवेदन पर की गई कार्यवाही की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ जनसमस्याओं के समाधान पर विशेष ध्यान देने को कहा। जनदर्शन के दौरान आज कुल 34 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें मुख्य रूप से राजस्व प्रकरण, साफ-सफाई, अधोसंरचना निर्माण, आजीविका संबंधी और विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने संबंधित आवेदन शामिल थे।



# 58 की उम्र में पिता बने अरबाज

**मुंबई।** अरबाज खान और उनकी पत्नी शूरा ने रविवार को अपने पहले बच्चे का स्वागत किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शूरा ने रविवार सुबह बेटी को जन्म दिया है। हालांकि, कपल की ओर से अब तक इस बात की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है और न ही उन्होंने कोई तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है। शूरा को कल मुंबई के पीडी हिंदुजा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अरबाज की बेटी के जरिए खान परिवार ने लंबे वक्त बाद बेबी गर्ल का स्वागत किया है। इससे पहले अरबाज को पहली पत्नी मलाइका से एक बेटा अरहान हुआ था। उनके एक भाई सोहेल के भी दो बेटे निर्वाण और योहान हैं। जबकि दूसरे भाई सलमान ने तो अब तक शादी ही नहीं की है। हालांकि, तीनों भाइयों की दो बहनें अलवीरा और अर्पिता जरूर हैं। अरबाज खान दूसरी बार पिता बने हैं।

लाइफ Style



# सामंथा
## सब कुछ नहीं हैं अच्छे नंबर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने छात्रों को तनाव से निपटने के लिए कुछ आसान सलाह दी। उन्होंने वीडियो शेयर कर बताया कि कैसे उन्होंने स्कूल के दिनों में सहानुभूति, दया और अच्छा इंसान बनना सीखा। साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर एक खास वीडियो शेयर किया है।

इस वीडियो में उन्होंने अपनी स्टूडेंट लाइफ को लेकर आज के छात्रों को खास सलाह दी और बताया कि उन्होंने आखिर एक छात्र के रूप में क्या कुछ सीखा और यह सबकुछ उनके लिए क्या मायने रखता है। रविवार को सामंथा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने प्रशंसकों के साथ एक खास वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में सामंथा ने कहा, 'मेरे स्कूल के दिनों की बहुत सारी यादें हैं, लेकिन आजकल के छात्रों का तनाव सुनकर दुख होता है।

मुझे लगता है कि अच्छे नंबर सब कुछ नहीं हैं। स्कूल में सबसे अच्छी चीज दोस्ती, दूसरों का सम्मान और दया सीखा था।' सामंथा ने आगे कहा, 'मैंने स्कूल में किताबी बातें भूल गईं, लेकिन ये गुण आज भी मेरे काम आते हैं। ये जीवन के लिए सबसे जरूरी हैं।' फिर सामंथा ने 2023 की एनसीआरबी रिपोर्ट शेयर की, जिसमें बताया गया कि महाराष्ट्र में छात्रों की आत्महत्याओं के सबसे ज्यादा मामले हुए। उन्होंने इस पर दिल टूटने वाली इमोजी लगाई। सामंथा रुथ प्रभु नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज 'रक्त ब्रह्मांड' और तेलुगु फिल्म 'मां इंति बंगाराम' में नजर आएंगी। वह वेब सीरीज 'सिटाडेलः हनी बनी' के सीजन 2 में भी नजर आएंगी।

हॉलीवुड मसाला



# टेलर का रिकॉर्ड दूसरे स्थान पर

**लॉस एंजिल्स।** दुनिया की सबसे लोकप्रिय पॉप स्टार में से एक टेलर स्विफ्ट एक बार फिर अपने नए एल्बम 'द लाइफ ऑफ अ शो गर्ल'के साथ म्यूजिक इंडस्ट्री में बवाल काट चुकी हैं। एल्बम रिलीज के पहले ही दिन इसने 27 लाख कॉपियों की रिकॉर्ड बिक्री की है। ये आंकड़ा सिर्फ अमेरिका के अंदर का है और इससे टेलर का अब तक का सबसे बड़ा डेब्यू बन गया है। बिलबोर्ड को डेटा देने वाले ल्यूमिनेट के मुताबिक इस एल्बम ने अब तक का दूसरा सबसे बड़ा फर्स्ट-वीक सेल्स रिकॉर्ड बना दिया है।



# ओटीटी पर दस्तक देगी फाइनल डेस्टिनेशन-6

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड की कल्ट हॉरर फ्रेंचाइजी फाइनल डेस्टिनेशन की छठी किस्त फाइनल डेस्टिनेशनः ब्लडलाइंस अपनी धमाकेदार थिएटर रिलीज के बाद ओटीटी पर धमाका करने के लिए तैयार है। फाइनल डेस्टिनेशनः ब्लडलाइन्स 16 अक्टूबर से अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में केवल जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग होगी। कलाकारों में रिचर्ड हार्मन, कैटलिन सांता जुआना, टियो ब्रियोन्स, ओवेन पैट्रिक जॉयनर, रिया किहलस्टेड, अन्ना लोर और ब्रेक बैसिंगर शामिल हैं। फैंस को पुरानी यादों में खो देने के लिए, दिवंगत अभिनेता टोनी टॉड दिखाई देंगे जो उनकी आखिरी फिल्म थ। उन्होंने पिछली फिल्मों में विलियम ब्लडवर्थ को अपनी आवाज दी थी। इस बीच, रिपोर्ट्स की मानें तो सातवीं किस्त पहले से ही प्रोसेस में है और को-राइटर लोरी इवांस टेलर इस प्रोजेक्ट से जुड़ी हैं।



# नीरू ने की नई फिल्म की घोषणा...

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' में अपनी अदाकारी से सभी को अपना दीवाना बनाने वाली एक्ट्रेस नीरू बाजवा ने अपनी नई पंजाबी फिल्म 'जवाक' की घोषणा सोशल मीडिया हैंडल पर की है। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठाया है। नीरू बाजवा ने 5 अक्टूबर को अपनी आगामी फिल्म 'जवाक' की घोषणा इंस्टाग्राम पोस्ट पर की है। इस पोस्ट में नीरू ने एक कलरफुल पेज शेयर किया, जिसके ऊपर लिखा है ' जवाक'। इस पोस्ट के साथ नीरू ने कैप्शन में लिखा, 'और अधिक पढ़ें...अपने आंद्रे जवाक नू हमेशा जिओंदा राखो, जे वड्डे बन ना ता'। सिनेमाघरों में 17 अप्रैल 2026।' जवाक का निर्देशन जतिंद्र महुअर कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण संतोष सुभाष कर रहे हैं।



# 31 को रिलीज होगी रोई-रोई बिनाले

**मुंबई।** हाल ही में असमिया गायक जुबीन गर्ग का निधन हो गया है। उनके निधन की जांच चल रही है। इस मामले में कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ऐसे में असमिया फिल्म निर्माता राजेश भुयान ने बताया है कि अपकमिंग फिल्म 'रोई रोई बिनाले', जो दिवंगत जुबीन गर्ग की निजी परियोजना थी, 31 अक्टूबर को देशभर में रिलीज होगी। भुयान ने यह भी बताया कि अपकमिंग फिल्म में गर्ग की 'मूल आवाज' की रिकॉर्डिंग होगी। उन्होंने कहा 'हम पिछले तीन वर्षों से इस फिल्म पर काम कर रहे थे। फिल्म की कहानी और संगीत जुबीन गर्ग ने लिखा था। यह पहली संगीतमय असमिया फिल्म है। हमने फिल्म का लगभग सारा काम पूरा कर लिया था। सिर्फ इसके बैकग्राउंड म्यूजिक का काम बचा था।'

टीवी मसाला



# अनीता बनी शो छोरियां चली गांव पहले सीजन की विनर

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'छोरियां चली गांव' का कॉन्सेप्ट दर्शकों को काफी पसंद आया। इस शो में टीवी की जानी मानी हसीनाएं नजर आईं, जिन्हें गांव में रहना था। वहीं, अब 'छोरियां चली गांव' के पहले सीजन को इसका विनर मिल गया है। बीते दिनों 'छोरियां चली गांव' का ग्रैंड फिनाले था। इस सीजन के विनर का ताज टीवी एक्ट्रेस अनीता हसनंदानी के सिर चढ़ा है। ग्रैंड फिनाले में अनीता और कृष्णा श्रॉफ के बीच ट्रॉफी को लेकर कड़ी टक्कर थी। ऐसे में अनीता के विनर बनते ही गांव वालों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। टीवी एक्ट्रेस अनीता हसनंदानी ने शुरुआत से ही अपने गेम से न सिर्फ गांव वालों का बल्कि दर्शकों का भी दिल जीता। अनीता ने शो में खुद को प्रूव करने के लिए कड़ी मेहनत की। उन्होंने गाय का दूध निकालने से लेकर गोबर उठाने और कुंए से पानी लाने तक सभी काम किए। इन्हीं सब चीजों के साथ अनीता ने हर किसी का दिल जीता। शो में आखिर तक अनीता और कृष्णा श्रॉफ के बीच कांटे की टक्कर थी, लेकिन ट्रॉफी अनीता ले गईं। वहीं, कृष्णा श्रॉफ फर्स्ट रनरअप रहीं। शो को रणविजय सिंह ने होस्ट किया था। बता दें कि ग्रैंड फिनाले काफी धमाकेदार रहा। फिनाले में टॉप 5 कंटेस्टेंट्स ने पावर पैक्ड परफॉरमेंस दी। इस दौरान डॉली जावेद की बहन उर्फी जावेद और कृष्णा श्रॉफ के बॉयफ्रेंड अजीम भी शो में नजर आएं।

## अरबाज और बाली एक-दूसरे से भिड़े!

**नई दिल्ली।** इन दिनों एमएक्स प्लेयर पर प्रसारित हो रहा शो 'राइज एंड फॉल' लोगों को खूब पसंद आ रहा है। शो में हर दिन कुछ न कुछ नया देखने को मिल रहा है। हाल ही में शो का नया प्रोमो रिलीज हुआ है। इसमें



अरबाज पटेल और बाली एक दूसरे से जबरदस्त बहस करते हुए नजर आ रहे हैं। प्रोमो में देखा जा सकता है कि अरबाज बाली से कहते हैं 'चुपचाप सुन लो'। इस पर बाली कहते हैं 'सुन ही रहा हूं।' अरबाज कहते हैं 'अगर मैं अपनी हरकतों में आ जाउंगा न तो'। इस पर बाली कहते हैं 'तूने नीचे आ के माफी क्यों मांगी। अकेला बैठता था वहां पे।' इस पर अरबाज कहते हैं 'अकेला नहीं बैठा चौड़ में घूमता था वहां पर। अभी भी यहां पर बैठा हूं। अब देखो खड़ा भी हो गया।' इस पर बाली कहते हैं 'तेरी बॉडी फुस है।' इस पर अरबाज कहते हैं 'मैं किसी से डरता नहीं हूं।' बाली कहते हैं 'तू खुद से डरता है। तू रोता रहता है। तू तालियां किस पर मार रहा है?' इस पर अरबाज कहते हैं 'तेरे पे मार रहा हूं।'

# महेंद्र कपूर का ये गीत सुन झट से मान जाएगी रूठी हुई प्रेमिका

**नई दिल्ली।** मोहम्मद रफी और किशोर कुमार की तरह महेंद्र कपूर भी हिंदी सिनेमा के दिग्गज गायकों की फेहरिस्त में शामिल रहे। उन्होंने अपने कॅरियर में एक से बढ़कर गीतों के जरिए सिनेप्रेमियों के दिलों को सुकून पहुंचाया। आज हम आपको महेंद्र कपूर द्वारा गाए गए 58 साल पुराने एक ऐसे गाने के बारे में बताने जा रहे हैं, जो रोमांटिक सॉन्ग की तर्ज पर हर किसी का फेवरेट माना जाता है। गाने के बोल ऐसे हैं, अगर आपकी रूठी हुई प्रेमिका सुन ले तो झट से मान जाए। इस गीत को अभिनेता सुनील दत्त पर फिल्माया गया था।

***सुपरहिट सॉन्ग*** : सिंगर महेंद्र कपूर की मधुर आवाज किसी भी गीत को अमर कराने के लिए काफी थी। आज भी उनके गानों को फैंस सुनना पसंद करते हैं। सुरों के सुरताज महेंद्र के जिस गाने के बारे में यहां जिक्र किया जा रहा है, वह 1967 में आई फिल्म हमराज से था। इस मूवी में सुनील दत्त, विमी, मुमताज और राज कुमार जैसे कलाकारों ने अहम भूमिकाओं को




अदा किया था।

***वादियों में हुआ था शूट*** : हमराज का एक रोमांटिक सॉन्ग तुम अगर साथ देने का वादा करो... आज भी हर किसी का फेवरेट माना जाता है। सुनील दत्त और अभिनेत्री विमी पर फिल्माया गया ये पॉपुलर गीत महेंद्र कपूर ने ही गाया था। उनके द्वारा गाए गए बेहतरीन सॉन्ग की लिस्ट में इस गाने का नाम जरूर शामिल होता है। वादियों में शूट हुआ ये गीत और उस पर महेंद्र की जादुई आवाज का कॉम्बिनेशन बेहद खास रहा। यही कारण है जो लगभग 6 दशक बाद भी तुम अगर साथ देने का वादा करो गाने को सुनकर दिल को सुकून पहुंच जाता है। कुल मिलाकर कहा जाए तो अगर आप भी पुराने गाने सुनने के शौकीन हैं तो ये महेंद्र कपूर का ये सॉन्ग आपको जरूर सुनना चाहिए।

***इन कलाकारों को महेंद्र ने दी आवाज*** : सिर्फ सुनील दत्त ही नहीं बल्कि बतौर प्लेबैक सिंगर महेंद्र कपूर दिलीप कुमार और मनोज कुमार जैसे कई कलाकारों की आवाज बने थे। खासतौर पर मनोज की कई फिल्मों में बतौर सिंगर महेंद्र ने कई बेहतरीन गाने गाए थे। उदाहरण के लिए आप मनोज कुमार की फिल्म पूरब और पश्चिम फिल्म के भारत का रहने वाला हूं... देशभक्ति गीत का नाम ले सकते हैं।

# सारा ने पहली बार किया भाई इब्राहिम के साथ रैंप वॉक...

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार भाई-बहन सारा अली खान और इब्राहिम अली खान की आपस में खूब बनती है। दोनों एक दूसरे के साथ अच्छा पल बिताते हैं और अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करते हैं। हाल ही में दोनों ने डिजाइनर अभिनव मिश्रा के लिए रैंप वॉक किया। डिजाइनर ने बेहतरीन ड्रेस लॉन्च की। सारा और इब्राहिम ने अपनी चंचलता के साथ दोस्ती का तड़का लगाया और रैंप वॉक के मौके पर लोगों का ध्यान खींचा। शो के लिए इब्राहिम अली खान ने कतान सिल्क से बनी एक शाही शेरवानी चुनी, जिस पर शीशे का काम, रेशम और जरी की बारीक कढ़ाई थी। 'सरजमीं' स्टार की इस पोशाक में एक राजसी आभा झलक रही थी। दूसरी ओर, सारा अली खान ने शाही ड्रेस चुनी। इस पर खास शीशे का काम, जरी और रेशम से हाथ से कढ़ाई की गई थी। झिलमिलाते क्रिस्टल से इस ड्रेस को और भी निखारा गया था। इब्राहिम और सारा पहली बार साथ-साथ चले, जिससे उनकी स्वाभाविक केमिस्ट्री की झलक मिली और उन्होंने शो के लिए एकदम सही माहौल तैयार किया।



## खूनी लव स्टोरी के साथ कॉमेडी का होगा तड़का
# दिवाली पर थामा से होगी एक दीवाने की टक्कर

*मुंबई। दिवाली में अब ज्यादा वक्त बाकी नहीं रह गया है। हर साल की तरह इस बार भी दिवाली पर बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्मी धमाके होंगे। क्योंकि एक से बढ़कर एक फिल्में दिवाली के आगे-पीछे रिलीज होनी हैं। इनमें सबसे बड़ा नाम आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना स्टारर थामा का है। यह मैडॉक के सुपरहिट हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की अगली फिल्म है। दिवाली पर सबसे बड़ी रिलीज थामा ही है। थामा 21 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। मैडॉक के लोकप्रिय हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की ये पांचवीं फिल्म है। अब तक पसंद की गई इस यूनिवर्स की फिल्मों में अब थामा एक नया अध्याय जोड़ने वाली है। थामा में वैम्पायर्स की लव स्टोरी दिखाई जाएगी। इसीलिए मेकर्स इसे एक खूनी प्रेम कहानी बता रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर सामने आने के बाद दर्शक इस फिल्म को लेकर और भी उत्साहित हैं और बेसब्री से इसका इंतजार कर रहे हैं। थामा में आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना के अलावा नवाजुद्दीन सिद्दीकी, परेश रावल और फैसल मलिक भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। नवाजुद्दीन सिद्दीकी फिल्म में विलेन की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है, जो इससे पहले इस यूनिवर्स की फिल्म मुंज्या का निर्देशन कर चुके हैं।*





### एनिमेटेड फिल्म महायोद्धा राम भी होगी रिलीज

एक ओर जहां ये दो बड़ी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होंगी, वहीं दूसरी ओर 3डी एनिमेटेड फिल्म महायोद्धा राम भी सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह फिल्म 17 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। भगवान राम से जुड़ी फिल्म को दिवाली के मौके पर रिलीज करने से बेहतर मौका और क्या हो सकता है। महावतार नरसिम्हा की सफलता के बाद अब इस फिल्म को लेकर लोगों में उत्साह भी देखने को मिल रहा है। इस फिल्म में कुणाल कपूर ने प्रभु श्रीराम के किरदार को आवाज दी है। जबकि जिम्मी शेरगिल लक्ष्मण, मौनी रॉय माता सीता, मुकेश ऋषि हनुमानजी और गुलशन ग्रोवर ने रावण की आवाज दी है।

### जुनूनी प्रेम कहानी लेकर आ रहे हर्षवर्धन राणे

एक ओर जहां थामा एक खूनी लव स्टोरी लेकर आएगी, जिसमें कॉमेडी का तड़का होगा। वहीं, दूसरी ओर सनम तेरी कसमसे सच्चे आशिकों में शुमार हर्षवर्धन राणे एक जुनूनी प्रेम कहानी लेकर आ रहे हैं। हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा स्टारर 'एक दीवाने की दीवानियत' भी थामा के साथ ही 21 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इस साल सैयारा एक सरप्राइज ब्लॉकबस्टर प्रेम कहानी रही है। ऐसे में अब 'एक दीवाने की दीवानियत'को हल्के में लेना बेईमानी होगी। हर्षवर्धन राणे युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय भी हैं। फिल्म के गानों और टीजर से ये साफ है कि इस बार की कहानी 'सनम तेरी कसम' से ज्यादा इंटेंस होने वाली है। क्योंकि ये एक जुनूनी लव स्टोरी है। टाइटल ट्रैक से लेकर फिल्म के बाकी गानों को भी पसंद किया जा रहा है। सबसे खास बात ये है कि थामा का ट्रेलर सामने आ चुका है, लेकिन, अब तक 'एक दीवाने की दीवानियत'का ट्रेलर रिलीज नहीं किया गया है। इस फिल्म का निर्देशन मिलाप जावेरी ने किया है। अब देखना ये है कि थामा और एक दीवाने की दीवानियत में कौन बाजी मारता है।

**खबर संक्षेप**

## राजपूत क्षत्रिय समाजगृह का किया गया उद्घाटन

**सुंदरगढ़।** एक गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक अवसर पर राजपूत क्षत्रिय समाजगृह का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा उपाध्यक्ष भवानी शंकर भोई उपस्थित रहे। स्वतंत्र सम्मानित अतिथि के रूप में सदर विधायक योगेश सिंह ने भी हिस्सा लिया। नव निर्मित समाजगृह का नाम वीर सुरेंद्र साय के सम्मान में रखा गया है। उद्घाटन समारोह में फीता काटकर भवन का औपचारिक रूप से उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ सदस्य समाजसेवी, युवा और महिला मंडल के प्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने अपने अभिभाषण में कहा कि यह समाज गृह शिक्षा, सेवा और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए एक केंद्र के रूप में कार्य करेगा। वहीं योगेश सिंह ने इसे समाज में एकता बनाए रखने और सभी जाति समुदाय के लोगों को जोड़ने की परंपरा का प्रतीक बताया। अन्य अतिथियों ने भी समाज की एकता सांस्कृतिक संरक्षण और युवाओं को जागरूक करने के प्रयासों का स्वागत किया। कार्यक्रम के समापन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और मिलन समारोह आयोजित किया गया। समाज के पदाधिकारी भविष्य में इस गृह के माध्यम से शिक्षा, सहयोग और सामाजिक सौहार्द बढ़ाने का संकल्पित हैं। इस अवसर पर अनेक राजपूत परिवार उपस्थित थे।

## लाखों की चोरी मामले को पुलिस ने सुलझाया

**राउरकेला।** सेक्टर 15 पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक चोरी के मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सोने चांदी के आभूषण, नकद राशि और मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी घनश्याम को दबोचा और चोरी की गई वस्तुएं उसके पास से बरामद कीं। बरामद सामानों में एक सोने की बाली, दो पायजेब की अंगूठियां, एक जोड़ी चांदी की पायल, 20,400 नकद राशि और तीन मोबाइल फोन शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस त्वरित कार्रवाई से सेक्टर 15 के प्रभावित निवासियों में सुरक्षा को लेकर विश्वास बहाल हुआ है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है और यह जांच जारी है कि क्या वह अन्य चोरी की घटनाओं में भी शामिल था।

## बाइक की भिड़ंत में तीन घायल, दो सिम्स रिफर

**अकलतरा।** दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। बाइक में सवार दो किशोर एवं एक अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रुप से घायल दो किशोर को प्राथमिक उपचार के बाद सिम्स बिलासपुर रिफर किया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कल्याणपुर के रसेड़ा मार्ग में रविवार 5 अक्टूबर की शाम दो बाइक की आमने-सामने से टक्कर हो गई। हादसे में दो किशोर एवं एक अधेड़ व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को ग्राम वासियों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा लाया गया जहां से दोनों किशोरों सिम्स बिलासपुर के लिए रेफर कर दिया गया। ग्राम दर्री टांड़ निवासी सुनील कुमार नायक उम्र 16 वर्ष अपने चचेरे भाई समीर कुमार नायक उम्र 15 वर्ष के साथ मोटरसाइकिल में सवार होकर शाम 5 बजे घूमने के लिए निकले थे। दोनों कल्याणपुर की तरफ जा रहे थे कि विपरीत दिशा से आ रही अशोक साहू पिता राम नारायण साहू उम्र 47 वर्ष निवासी ग्राम रसेड़ा के मोटरसाइकिल से उनकी टक्कर हो गई।

### प्रदेश के 5 संभागों के 632 खिलाड़ी ले रहे भाग, विभिन्न खेलों में दिखाएंगे दमखम

# 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा का रंगारंग आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खेल भावना, अनुशासन और एकता के संदेश के साथ आज जिला मुख्यालय रायगढ़ में 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का रंगारंग शुभारंभ हुआ। बोईरदादर रोड स्थित रायगढ़ स्टेडियम में आयोजित इस राज्य स्तरीय खेल का विधिवत शुभारंभ राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की आराधना के साथ किया। इस दौरान सांसद श्री सिंह ने रायगढ़ जिले के उन खिलाड़ियों को स्मरण किया, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश व प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य का खेल ध्वज फहराकर प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन किया। इस अवसर पर सभी पांचों संभागों के खेल ध्वजों का भी आरोहण किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम महापौर जीवर्धन चौहान सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी धनराज मरकाम, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. केवी राव सहित संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारीगण और बड़ी संख्या में खेलप्रेमी मौजूद रहे।

इस राज्य स्तरीय आयोजन का संचालन जिला प्रशासन रायगढ़ एवं स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। समारोह के दौरान खिलाड़ियों द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत किया गया, जिसकी अगुवानी मेजबान बिलासपुर संभाग की टीम ने की। प्रदेश के पाँचों संभाग रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर और सरगुजा से चयनित 632 खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिताओं में 14 वर्षीय बालक व बालिका वर्ग में वॉलीबॉल, 14 से 19 वर्षीय बालक व बालिका वर्ग में सॉफ्टबॉल, 17 वर्षीय बालक व बालिका वर्ग में खो खो और अंडर 19 बालिका वर्ग में क्रिकेट खेल शामिल है। यह आयोजन 8 अक्टूबर तक चलेगा। खिलाड़ियों के लिए आवास, भोजन और परिवहन की समुचित व्यवस्था की गई है। स्टेडियम और खेल मैदानों में सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं।





### लोकनृत्य की हुई मनमोहक प्रस्तुति

25 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर बाल मंदिर स्कूल एवं कार्मेल कॉन्वेंट हिंदी मीडियम स्कूल की छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी और गुजराती लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेल का प्रदर्शन हेतु शपथ दिलाई गई। स्टेडियम भारत माता की जय वंदे मातरम और खिलाड़ी जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा।

### राज्यसभा सांसद ने राजा चक्रधर सिंह का किया स्मरण

25 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि रायगढ़ की यह भूमि सदैव संगीत, साहित्य और खेल की प्रतिभाओं से समृद्ध रही है। यहां की मिट्टी ने ऐसे अनेक खिलाड़ियों को जन्म दिया जिन्होंने प्रदेश और देश का नाम रोशन किया। उन्होंने राजा चक्रधर सिंह का स्मरण करते हुए कहा कि वे न केवल एक कुशल शासक थे, बल्कि एक अच्छे खिलाड़ी भी थे, जिन्होंने कुश्ती और कबड्डी जैसे पारंपरिक खेलों को बढ़ावा दिया। अपने विद्यार्थी जीवन को याद करते हुए सांसद श्री सिंह ने कहा कि वे स्वयं एक बास्केटबॉल खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से आग्रह किया कि वे अपने पसंदीदा खिलाड़ी को आदर्श मानें और उनके जीवन से प्रेरणा लें।

### स्वस्थ युवा से ही सशक्त भारत का होता है निर्माण

राज्यसभा सांसद श्री सिंह ने कहा कि यह सपना तभी साकार होगा जब हमारी युवा पीढ़ी स्वस्थ और सक्रिय होगी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ युवा ही सशक्त भारत का निर्माण करते हैं, इसलिए खेलों को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि सांसद खेल महोत्सव के तहत प्रदेश के प्रत्येक जिले में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिससे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का अवसर मिलेगा।

### पहले दिन हुए खेल प्रतियोगिता का परिणाम

25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन रायगढ़ स्टेडियम में 5 से 8 अक्टूबर तक किया जा रहा है। जिसमें रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर एवं सरगुजा संभाग के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता में वालीबॉल, सॉफ्ट बॉल, खो खो एवं क्रिकेट के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। जिसमें पहले दिन सॉफ्ट बॉल बालक 19 वर्ष के लिग मैच अंतर्गत बस्तर बनाम रायपुर में रायपुर विजेता रहा। वहीं दुर्ग बनाम सरगुजा में दुर्ग विजेता रहा। बिलासपुर बनाम बस्तर में मैच ड्रा रायपुर विरूद्ध सरगुजा में रायपुर, दुर्ग बनाम बस्तर में दुर्ग विजेता रहा। बिलासपुर बनाम सरगुजा में बिलासपुर विजेता रहा। सरगुजा बनाम बस्तर में बस्तर विजेता रहा। बिलासपुर बनाम रायपुर में रायपुर की टीम विजेता रही। सॉफ्ट बॉल बालिका 14 वर्ष के लिग मैच अंतर्गत बिलासपुर बनाम सरगुजा में बिलासपुर की टीम विजेता रही। क्रिकेट बालिका 19 वर्ष के लिग मैच अंतर्गत रायपुर बनाम दुर्ग में रायपुर 117 रन से विजेता रही। वहीं सरगुजा बनाम बस्तर में सरगुजा संभाग 82 रन से विजेता रही और रायपुर बनाम बिलासपुर में रायपुर 29 रन से जीत दर्ज कर नाम किया।

## देर रात रेलवे स्टेशन परिसर में नशेड़ियों ने मचाया उत्पात

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

रविवार की रात करीब 9 बजे राउरकेला रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर के सामने फिर एक बार नशेड़ियों ने जमकर उत्पात मचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुछ युवक, महिलाएं और युवतियां आपस में गाली-गलौज और मारपीट करते हुए हंगामा करने लगे। अचानक हुए इस झगड़े से स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते भारी भीड़ जुट गई।

- भीड़ के बीच मारपीट से सुरक्षा व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

सूत्रों के अनुसार झगड़ा करीब आधे घंटे तक चलता रहा, इस दौरान न तो आरपीएफ और न ही जीआरपी का कोई जवान मौके पर पहुंचा। सुरक्षा एजेंसियों की इस लापरवाही ने स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के मुताबिक कुछ महीने पहले आरपीएफ की सख्त कार्रवाई के बाद स्टेशन परिसर में शराब बिक्री और सेवन पर रोक लगाई गई थी, लेकिन हाल के दिनों में फिर से शराबखोरी और असामाजिक गतिविधियों के बढ़ने की खबरों ने यात्रियों और आम नागरिकों की चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय यात्रियों ने प्रशासन से स्टेशन क्षेत्र में नियमित निगरानी और रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने की मांग की है, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

## पीडीएस गोदाम एक लाख के राशन की चोरी



**पुसौर।** पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम तडोला के शासकीय राशन दुकान में बीते शनिवार की रात अज्ञात लोगों द्वारा 68 क्विंटल चावल और 12 बोरी शक्कर चोरी कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के मुताबिक उक्त पीडीएस गोदाम के समीपस्थ रहने वाले लोगों ने रविवार की सुबह देखा कि गोदाम में लगा ताला टुटा पड़ा है जिसकी जानकारी सबंधित विक्रेता को दी गई। विक्रेता ने मौके पर पहुंच कर चेक किया तो दुकान से 68 क्विंटल चावल, 12 बोरी शक्कर गायब था। इसके बाद मामले की जानकारी खाद्य विभाग के अधिकारियों को दी गई। ग्रामीणों की मानें तो पीडीएस गोदाम से इस तरह की राशन चोरी कई साल पहले भी हुई थी। इस संबंध में पुसौर थाना प्रभारी राम किंकर यादव ने का कहना है कि मामले की शिकायत उनके पास नहीं पहुंची है।

## बेमौसम बारिश से धान की फसल प्रभावित

**कोसीर।** अंचल के गांवों में बेमौसम बारिश के कारण किसानो को अपने फसल को लेकर चिंता सताने लगी है। हफ्तेभर से रूक-रूक कर हो रही बारिश ने किसानों को परेशान कर रखा है। किसानों का कहना है कि पहले सितंबर लगते ही बारिश धीमी हो जाती थी और सितंबर के लास्ट में तो नहीं के बाहर बारिश होती थी। जिससे दशहरा पर्व मनाकर छोटे नस्ल के धान की कटाई की तैयारी हो जाती थी, लेकिन इस बार तो अक्टूबर माह में भी बारिश थमने का नाम नही ले रही है। रूक-रूक कर हो रही बारिश से छोटे नस्ल के धान के लिए भारी मुसीबत बनी हुई है। वहीं सरना जैसे बड़े धान को भी बहुत नुकसान हो रहा है। बारिश के साथ हवा आने से सारे फसल गिर रहे हैं। इसके साथ ही फसल में कीट का भी प्रकोप भी बढ़ गया है। जिसके चलते किसानों को लगातार खेतों में दवाई का छिड़काव करना पड़ रहा है।

## आरजीएच में किशोरी की संदिग्ध मौत के रहस्य से उठा पर्दा

**राउरकेला।** शहर में तीन अक्टूबर को हुई एक नाबालिग लड़की किशोरी की संदिग्ध मौत पर पड़े रहस्य का पर्दा उठाते हुए पुलिस ने मामले का खुलासा कर लिया है। प्रारंभिक जांच व पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह स्पष्ट हुआ है कि किशोरी की मौत बीमारी से नहीं, बल्कि जहर पीकर आत्महत्या करने से हुई थी।

इस मामले में पुलिस ने एक दंपति को गिरफ्तार कर उन्हें सुंदरगढ़ पॉक्सो कोर्ट में पेश किया है। जांच में सामने आया है कि मृतका एक निर्माण स्थल पर काम करती थी, जहां घटना घटी। बताया गया कि नाबालिग का डाक्टर मुंडा नामक एक विवाहित व्यक्ति से कथित संबंध था। इसी बात से नाराज होकर उस व्यक्ति की पत्नी ने सबके सामने लड़की को थप्पड़ मार दिया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अपमान और मानसिक आघात के चलते लड़की ने जहर पीकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतका के परिवारजन ने 4 अक्टूबर को रघुनाथपाली थाना के समक्ष न्याय की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने बताया कि मामले की गहन जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बता दें की घटना के दिन किशोरी को गंभीर हालात में आरजीएच में भर्ती कराने के बाद आरोपी फरार हो गया था और जब किशोरी की मौत हुई तब हंगामा मचा। पुलिस मामले में सक्रियता दिखाते हुए आरोपियों के गिरेबान तक पहुंच गई है।



## घरघोड़ा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन

**घरघोड़ा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को घरघोड़ा नगर में ऐतिहासिक और भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। यह संचलन हाई स्कूल मैदान से प्रारंभ होकर जय स्तंभ चौक तक निकाला गया।

सैकड़ों स्वयंसेवक पारंपरिक गणवेश सफेद शर्ट, खाकी पैंट और काली टोपी में अनुशासित पंक्ति में कदमताल करते हुए आगे बढ़े। भारत माता की जय, वंदे मातरम और य श्रीराम के नारों से पूरा नगर गूंज उठा। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया, जिससे वातावरण में अद्भुत ऊर्जा और राष्ट्रभक्ति की भावना भर गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीपी नायक उपस्थित रहे, जबकि विभाग कार्यवाहक एवं मुख्य वक्ता भाई बंजन बेहरा ने संघ की स्थापना से लेकर आज तक की यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना डॉ. हेडगेवार के उस विचार से हुई थी जिसमें उन्होंने बिखरे हुए हिंदू समाज को एकजुट करने का संकल्प लिया था। विजयादशमी के दिन स्थापित संघ का उद्देश्य समाज में अनुशासन सेवा और संगठन की भावना जागृत करना रहा है।



बंजन बेहरा ने कहा कि शताब्दी वर्ष का यह अवसर प्रत्येक स्वयंसेवक के लिए गौरव और आत्मचिंतन का क्षण है। संघ परिवार को सशक्त बनाना, अपने सगे संबंधियों मित्रों और समाज के हर वर्ग को जोड़ना हमारा दायित्व है। घरघोड़ा और आसपास के ग्रामों से आए स्वयंसेवकों की अनुशासित पंक्तियों ने नगरवासियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का समापन जय स्तंभ चौक में संघ गीत, प्रार्थना और राष्ट्रगीत के साथ हुआ। वक्ताओं ने इस अवसर पर एक संगठित, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लिया। पथ संचलन ने नगर में नई ऊर्जा, एकता और राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार किया। इस अवसर पर भूपेश वैष्णव, रामफल राठिया खंड कार्यवाहक, जगमोहन केशरी, मनबोध पटेल सहित अनेक गणमान्य नागरिक, संघ पदाधिकारी एवं सैकड़ों स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## पानपोष अस्पताल को नया स्वरूप देने वीवीएम की अपील

**राउरकेला।** वेदव्यास विकास मंच की ओर से पानपोष अस्पताल के आधुनिकीकरण तथा उसके पीछे लगभग 27 एकड़ सरकारी भूमि पर औषधीय पौधों से सुसज्जित एक बॉटनिकल गार्डन, आयुर्वेद चिकित्सा केंद्र और योग शिक्षा केंद्र स्थापित कर उसे भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर समर्पित करने की मांग की गई है।

मंच के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव व सचिव ने इस संबंध में केंद्रीय मंत्री और सुंदरगढ़ सांसद जुएल ओराम को लगभग 150 नागरिकों के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने आग्रह किया कि इस प्रस्ताव को अटल स्वास्थ्य मिशन के तहत शीघ्र स्वीकृति दी जाए। मंच का कहना है कि एक सदी पुराने पानपोष अस्पताल की उपेक्षा के कारण क्षेत्र के हजारों मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। आरजीएच की मौजूदगी के बावजूद दयानंद नगर, बेदव्यास, कुआरमुंडा, पुराना चेंड व कलींगा विहार जैसे क्षेत्रों के लोग अब भी इसी अस्पताल पर निर्भर हैं। भविष्य में शव विच्छेदन कक्ष के स्थानांतरण के बाद यहां आयुर्वेद केंद्र, बॉटनिकल गार्डन और योग संस्थान की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा। मंच ने जिला प्रशासन और नगर निगम अधिकारियों से भी शीघ्र बैठक कर इस प्रस्ताव पर कार्यवाही की रूपरेखा तैयार करने की बात कही है। वेदव्यास विकास मंच ने राउरकेलावासियों से इस जनहितकारी पहल में सहयोग और समर्थन की अपील की है ताकि पानपोष और पुराना चेंड क्षेत्र का विकास भी स्मार्ट सिटी राउरकेला के अनुरूप हो सके।

## अघरिया समाज की बैठक संपन्न

**सरसीवा।** अखिल भारतीय अघरिया समाज देवरी सोनाखान में केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक 5 अक्टूबर को मानदीप नगरदा चौक के पटेल शो रूम में संपन्न हुआ। यह बैठक नया केंद्रीय कार्यकारिणी के तृतीय बैठक था।

इस बैठक में अखिल भारतीय अघरिया समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष उषा अमरसिंह पटेल ने अध्यक्षता की, उनके साथ कार्यकारिणी के अधिकांश सदस्य उपस्थित रहे। यहां समाज के विकास करने के लिए कई बिंदुओं पर पहल की गई। अघरिया समाज के मंदिर निर्माण के लिए गहन चर्चा की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में देवरी सोनाखान के साथ साकरा, पिरदा, बसना, भंवरपुर, सरायपाली, सीघोड़ा, सरिया, बरमकेला, सारंगढ़, रायगढ़, पुसौर, धरमजयगढ़, घरघोड़ा, महासमुंद, पिथौरा, बागबाहरा, रायपुर, बिलासपुर, पदमपुर, भुक्ता, नर्सिगनाथ आदि कई क्षेत्र के अध्यक्ष, पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे हैं। उक्त बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष उषा अमरसिंह पटेल के साथ प्रेमशिला नायक, तारेश्वरी पटेल, गंगा पटेल, सुशीला चौधरी, अनीता चौधरी, पदमिनी पटेल, पुनीत राम नायक, ओम प्रकाश चौधरी, भोज राम पटेल, द्वारका पटेल, विक्की पटेल, दिनेश चौधरी, कामता पटेल, अमरसिंह पटेल, शंकर कौशिक, आदि सैकड़ों केन्द्रीय पदाधिकारियों के साथ देवरी सोनाखान से अध्यक्ष देवानंद नायक, युवा संयोजक युधिष्ठिर नायक, उपाध्यक्ष उसत राम नायक, कोषाध्यक्ष मुनेंद्र पटेल के प्रतिनिधि भगत नायक, सचिव खीरप्रसाद चौधरी सहित मानदीप, नगरदा, कुशभांठा आदि समस्त क्षेत्र के पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता गण, सामाजिक बंधुगण शामिल रहे।




## जनसुनवाई में 36 शिकायतों का निपटारा

**राउरकेला।** राउरकेला नगर निगम आरएमसी सभागार में नागरिकों की विभिन्न शिकायतों और आपत्तियों के समाधान के लिए संयुक्त जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त जिलाधिकारी एवं नगर निगम आयुक्त सुश्री दीना दस्तगीर ने की। उन्होंने नागरिकों द्वारा प्रस्तुत कुल 36 मामलों की सुनवाई की, जिनमें 27 व्यक्तिगत और 9 सामूहिक शिकायतें शामिल थीं। जनसुनवाई में सड़क निर्माण व मरम्मत, भत्ता वितरण, स्ट्रीट लाइट की खराबी, नालियों की सफाई, भूमि विवाद, अतिक्रमण जैसी शिकायतें प्रमुख रहीं। इसके अलावा गंभीर बीमारियों के उपचार हेतु मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता के लिए 7 आवेदन भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में सुंदरगढ़ के अतिरिक्त जिलाधिकारी सुरज कुमार पटनायक, मुख्य विकास अधिकारी एवं कार्यकारी अधिकारी सुरंजन साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजकिशोर मिश्रा, आरएमसी संयुक्त आयुक्त श्रीमती पल्लवी नायक, उप आयुक्त तरुण कांत समेत विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

TOP IN RAIGARH

GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

## शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर बेटे ने कर दी पिता की पिटाई

**अकलतरा।** शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर पुत्र ने अपने पिता की पिटाई कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम पचरी का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पचरी निवासी 23 वर्षीय आशुतोष भारद्वाज को शराब पीने की लत है। वह अक्सर इसके लिए अपने घर वालों से पैसे की मांग करता रहता है। इसी तरह 13 अगस्त की शाम शराब पीने के लिए उसने अपने पिता से पैसे की मांग की। पिता के द्वारा पैसा नहीं देने पर आशुतोष भारद्वाज आवेश में आकर अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा और मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। आरोपी घटना के बाद से फरार हो गया था। अकलतरा पुलिस द्वारा लगातार पातासाजी की जा रही थी। शनिवार 4 अक्टूबर को आशुतोष भारद्वाज को घेराबंदी कर पुलिस ने पकड़ा एवं हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ की। जुर्म स्वीकार किए जाने पर पुलिस ने आशुतोष भारद्वाज को धारा 296,115(2), 351(2) 119(1) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा दिया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भास्कर शर्मा, एएसआई बी पी खांडेकर व स्टाफ का योगदान रहा।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411